कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 01-06-2024

विषय:- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर किया गया निरीक्षण।

- **पुलिस आयुक्त द्वारा मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर किया गया निरीक्षण**
- **पुलिस कर्मियों की उपस्थिति चेक कर मौसम के दृष्टिगत ली गई स्वास्थ्य की जानकारी**
- **मतदाताओं से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया फीडबैक**

आज दिनांक 01.06.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के मतदान के दौरान मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा मतदान केन्द्र कटिंग मेमोरियल विद्यालय नदेसर, जे0पी0 मेहता इण्टर कालेज सिकरौल, कम्पोजिट विद्यालय दनियालपुर शिवपुर, प्राथमिक विद्यालय इमिलिया चोलापुर, कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा चौबेपुर, प्राथमिक विद्यालय आशापुर सारनाथ, प्राथमिक विद्यालय भट्ठी लोहता, प्राथमिक विद्यालय करसड़ा रोहनियां, परमानन्दपुर जंसा, आदर्श माध्यमिक विद्यालय कचनार राजातालाब, प्राथमिक विद्यालय रमना लंका, कबीरमठ लहरतारा मण्डुवाडीह सहित बजरडीहा, मदनपुरा, चौक, आदमपुर, जैतपुरा, रामनगर आदि क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर हो रहे शांतिपूर्ण मतदान की व्यवस्था देखी गई।

निरीक्षण के दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा मतदान केन्द्रों पर लगी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी चेक कर उनकी उपस्थिति देखी गई। पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत उनके स्वास्थ्य की कुशलता व उनके जलपान/लंच व्यवस्था के

सन्दर्भ में जानकारी ली गई। पुलिस कर्मियों को अनुशासन में रहकर निष्पक्ष चुनाव में अपना योगदान करने हेतु बताया गया। मतदाताओं से वार्ता कर मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में फीडबैक लिया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मियों को गर्भवती महिलाओं, गोद में बच्चा लिये महिलायें, दिव्यांग एवं अशक्त मतदाताओं को वरीयता के आधार पर मतदान कराने व बूथ के अन्दर मोबाईल पूर्णत: प्रतिबन्धित किये जाने हेतु बताया गया।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।